# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 164 / 09 / NSS / MSU / 2024–25 दिनांक : 28-12-2024

सेवा में,

01. प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. समन्वयक शैक्षणिक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन टी0बी0 अभियान के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ0शि0), डिग्री विकास अनुभाग, उ0प्र0, प्रयागराज के पत्र संख्या–डिग्री विकास / 1846 / 2024–25, दिनांक : 27.12.2024 के साथ संलग्न शासन के पत्र संख्या–3322 / सत्तर–3–2024, दिनांक : 26.12.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन टी0बी0 अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गई है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित दिशा–निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन टी0बी0 अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
02. शिक्षा निदेशक (उ0शि0), डिग्री विकास अनुभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
03. समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
04. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

उपकुलसचिव

**ई-मेल/महत्वपूर्ण**

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक,(उ0शि0)
डिग्री विकास अनुभाग
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।

सेवा में,

1- कुलसचिव,
समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश ।
2- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश ।

पत्रांकः-डिग्री विकास / 1846 / 2024-25 दिनांक- 27/ 12 /2024

विषयः-राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के सम्बन्ध में।

महादोय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के पत्र संख्या – 3322/सत्तर-3-2024 दिनांक- 26.12.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो आपको भी सम्बोधित है, जिसके द्वारा 02 बिन्दुओं पर कार्यवाही की अपेक्षा की गयी है ।

1- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक है कि अन्तर्विभागीय समन्वय पूर्ण रुप से हो और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उक्त सघन टीबी अभियान को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाये जायें।
2- उच्च शिक्षा विभाग से अपेक्षित गतिविधियों हेतु जनपदीय स्तर के अधिकारियों को निर्देशित करने की अपेक्षा की गयी है ।

अतएव शासन का उक्त पत्र संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित उपरोक्त 02 बिन्दुओं पर अपेक्षित कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या से इस कार्यालय को भी अवगत करायें ।

संलग्नक उक्तवत् ।

भवदीय,

डॉ0(अपर्णा मिश्रा)
संयुक्त निदेशक,(उ0शि0)
कृते शिक्षा निदेशक,(उ0शि0)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

पृष्ठांकन संख्या- डिग्री विकास/ 1846-47 / उसी तिथि को ।

प्रतिलिपि- विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग- 03 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित ।

डॉ0(अपर्णा मिश्रा)
संयुक्त निदेशक,(उ0शि0)
कृते शिक्षा निदेशक,(उ0शि0)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध
संख्या–3322/सत्तर–3–2024

प्रेषक,

शिपू गिरि,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उ0प्र0।

4. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक,
उ0प्र0 शासन।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 26 दिसम्बर, 2024

विषयः राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–785/पी0एस0 (चि0स्वा0/चि0शि0)/2024, दिनांक 25.12.2024 (छायाप्रति संलग्न), जो प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को सम्बोधित है, का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– उक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से निम्नवत कार्यवाही की अपेक्षा की गयी है :–

(1) राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक है कि अन्तर्विभागीय समन्वय पूर्ण रूप से हो और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उक्त सघन टीबी अभियान को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाये जायें।

(2) उच्च शिक्षा विभाग से अपेक्षित गतिविधियों हेतु जनपदीय स्तर के अधिकारियों को निर्देशित करने की अपेक्षा की गयी है।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में की गयी अपेक्षानुसार उक्त अभियान को सफल बनाने हेतु अपने स्तर से जनपद/क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने एवं कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

( शिपू गिरि )
विशेष सचिव।

Signed by Sipu Giri
Date: 26-12-2024 14:10:16

संख्या 3322 /सतर्ह-3-21-24

# कार्यालय
# प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग
## उत्तर प्रदेश शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सं0:785/पी0एस0(चि0स्वा0/चि0शि0)/2024 लखनऊ : दिनांक:25 दिसम्बर, 2024

अपर मुख्य सचिव,
पंचायती राज, ग्राम विकास, आयुष।
प्रमुख सचिव,
बेसिक/माध्यमिक/उच्च/तकनीकी शिक्षा।
सचिव,
महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार।

No/13.07/NHM/NTEP/PP/CO/2024

विषयः- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान।

कृपया उपर्युक्त विषयक शासनादेश दिनांक 02 दिसम्बर, 2024 एवं पंत्राक संख्या-784 दिनांक 25.12.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें (छायाप्रति संलग्न)।

2- उक्त 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक है कि अन्तर्विभागीय समन्वय पूर्ण रूप से हो और आपके विभाग द्वारा उक्त सघन टीबी अभियान को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाये जायें।

3- इसके साथ ही पत्र के साथ आपके विभाग से अपेक्षित गतिविधियों को संलग्न कर प्रेषित कर रहा हूँ (छायाप्रति संलग्न)। मुझे आशा है कि इस सम्बन्ध में आप अपने जनपदीय स्तर के अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे और उक्त अभियान को सफल बनाने हेतु स्वयं भी सतत् अनुश्रवण करेंगे।

4- उल्लेखनीय है कि उक्त अभियान की समीक्षा हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी के स्तर पर शीघ्र ही बैठक का आयोजन किया जायेगा।

संलग्नः यथोपरि।

नि0स0(SG)
26/12/2024
(आर० पी० चौधरी)
निजी सचिव,
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा, नागरिक सुरक्षा,
राजनैतिक पेंशन एवं सहकारिता विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

25.12.2024
(पार्थ सारथी सेन शर्मा)
प्रमुख सचिव,
चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

कक्ष सं0 401/409, चतुर्थ तल, लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) सचिवालय, लखनऊ-226001
दूरभाष- 0522-2239306/2239524 Email: psecup.health@gmail.com

स्पीड पोस्ट/ई-मेल

महत्वपूर्ण/प्राथमिकता

संख्या: 4197 /पांच-7-2024

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद-अमेठी, अयोध्या, बाराबंकी बस्ती, देवरिया,
इटावा, फर्रुखाबाद, हाथरस, पीलीभीत, प्रतापगढ़,
रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर एवं सुल्तानपुर,
उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा अनुभाग-7 लखनऊः दिनांक नवम्बर, 2024

विषयः- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 जनपदों में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्ध शा० पत्र संख्या-Z-28015/191/2024/TB दिनांक 21 नवम्बर, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करते हुये निर्देशित किया गया है कि टीबी के लापता (Missing) रोगियों को खोजने, टीबी से होने वाली टीबी मरीजों की मृत्यु दर को कम करने और टीबी से नये व्यक्तियों को संक्रमित न होने देने के प्रयासों में तेजी लाने के उद्देश्य से 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का शुभारम्भ दिनांक 07 दिसम्बर, 2024 को किया जाना है, जो विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च, 2025) तक चलेगा। इस अभियान हेतु एक Stratified Approach तैयार की गई है। चयनित उच्च प्राथमिकता वाले 15 जनपदों में विशिष्ट गतिविधियां (Focused Intervention) की जायेंगी।

समस्त जनपदों/ब्लॉकों में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम सम्बन्धी नियमित गतिविधियाँ जारी रहेंगी।

2.(A) -<u>अभियान के उद्देश्य-</u>

(i) टीबी के नये रोगियों को खोजना: व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता, जोखिम वाली जनसंख्या (Vulnerable Population) की टीबी स्क्रीनिंग और परीक्षण।

(ii) टीबी रोगियों की मृत्यु दर को कम करना: टीबी रोग से पीड़ित व्यक्तियों में डिफरेंशिएटेड टीबी केयर अप्रोच (Differentiated TB Care) पद्धति को लागू करके तथा पोषण संबंधी सहायता प्रदान करके मृत्यु की सम्भावना को कम करना।

(iii) टीबी के नये रोगी न बनने देना: टीबी रोगी के घर में साथ रहने वाले वाले व्यक्तियों, एचआईवी पीड़ित व्यक्तियों और समुदाय में उच्च जोखिम वाली जनसंख्या (Vulnerable Population) को टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (TB Preventive Treatment) प्रदान कराना।

2 (B)–उच्च जोखिम वाली जनसंख्या (Vulnerable Population)-

(1) 60 वर्ष से अधिक आयु

(2) 18.5 किग्रा/मी$^2$ से कम बी०एम०आई० वाली कुपोषित जनसंख्या

(3) मधुमेह रोगी

(4) धूम्रपान एवं नशा करने वाले

(5) इलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों के साथ रहने वाले व्यक्ति

(6) इलाज पूरा कर चुके टीबी रोगी

(7) एच०आई०वी० ग्रसित व्यक्ति।

3-अंतर्विभागीय समन्वय:-उक्त अभियान में जनपद के विभिन्न विभागों जैसे-चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के साथ-साथ बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/उच्च शिक्षा विभाग/चिकित्सा शिक्षा विभाग/आयुष विभाग/पंचायती राज विभाग/ग्राम्य विकास विभाग/महिला एवं बाल विकास विभाग/परिवहन विभाग/समाज कल्याण विभाग/युवा कल्याण विभाग/संस्कृति विभाग/श्रम एवं सेवायोजन विभाग/आवास एवं शहरी नियोजन विभाग/ सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग/गृह विभाग/ कारागार विभाग से उल्लिखित गतिविधियों को निर्धारित समय सारणी के अनुसार कराना है। उक्त के अतिरिक्त अपने जनपद की आवश्यकताओं के दृष्टिगत अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये सहयोग लेना सुनिश्चित करें।

4–जिला स्तर पर जिलाधिकारी के नेतृत्व में अभियान का शुभारंभ एवं क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जायेगा :-

(A) जनपद स्तर-

(i) समन्वयक- मुख्य चिकित्साधिकारी।

(ii) सहसमन्वयक- जिला क्षय रोग अधिकारी।

(B) नगर स्तर पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं ब्लॉक स्तर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी अभियान के संचालन हेतु उत्तरदायी होंगे।

5–प्लानिंग एवं माइक्रोप्लानिंग-

(1) योजना और तैयारियां: सभी ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र की जोखिम वाली जनसंख्या की मैपिंग जिला क्षय रोग अधिकारी के माध्यम से कराते हुए विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार करवायेंगे।

(2) कर्तव्य और जिम्मेदारियां :- अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिये प्रत्येक स्तर के अधिकारियों (चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी) एवं कर्मचारियों (आशा, सामु0स्वा0 अधिकारी, टीबी हेल्थ विजिटर, एसटीएलएस, एसटीएस, ब्लॉक

कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम समन्वयक (अर्बन) आदि द्वारा उनके कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करायेंगे।

(3) बजट:- मानव संसाधन, जाँच हेतु संसाधन, औषधि आपूर्ति उपलब्ध बजट से करायेंगे। अतिरिक्त सहायता के लिए उद्योग, गैर-सरकारी संगठन आदि का सहयोग ले सकते है।

(4) रिपोर्टिंग: अभियान की दैनिक रिपोर्ट नि:क्षय पोर्टल पर तत्काल अंकित करें। अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी सहायता हेतु राज्य क्षय रोग अधिकारी, डा0 शैलेन्द्र भटनागर, मोबाइल-9412800299, ई-मेल आईडी-stoup@rntcp.org से सम्पर्क किया जा सकता है।

(5) अनुश्रवण मूल्यांकन:- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अनुश्रवण कमेटी का गठन किया जाय एवं अनुश्रवण मैट्रिक्स के प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर अभियान का अनुश्रवण किया जाय। स्वास्थ्य सुविधाओं एवं समुदाय में गुणवत्तापरक स्क्रीनिंग को सुनिश्चित करने के लिये नियमित पर्यवेक्षण एवं पाक्षिक समीक्षा करना सुनिश्चित करें। (संलग्नक-1)

(6) उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कार:- जनपद को प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर पुरस्कृत किया जायेगा।

(7) जन शिकायत निवारण: जन शिकायतों के निवारण हेतु तंत्र स्थापित कर, शिकायतों का तुरन्त निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें।

6- 100 दिवसीय टीबी अभियान के लिए समय सारणी एवं रणनीति (संलग्नक-2):-

| तिथि | वर्ष | गतिविधियां | संलग्नक |
|---|---|---|---|
| 07 दिसंबर | 2024 | शुभारम्भ | |
| 8-22 दिसंबर | 2024 | जोखिम वाली जनसंख्या को प्रेरित करना | |
| 23-31 दिसंबर | 2024 | प्रभावशाली व्यक्ति, धार्मिक नेताओं की भागीदारी | |
| 1-12 जनवरी | 2025 | निर्वाचित प्रतिनिधियों का सहयोग | |
| 13-15 जनवरी | 2025 | प्रभावशाली व्यक्ति, धार्मिक नेताओं की भागीदारी | |
| 16-24 जनवरी | 2025 | युवाओं की भागीदारी | |
| 25-26 जनवरी | 2025 | गणतंत्र दिवस के दौरान टीबी संदेश | |
| 27 जनवरी-02 फरवरी | 2025 | सरकारी विभागों में नि:क्षय शपथ | (संलग्नक-3) |
| 03-15 फरवरी | 2025 | कार्यस्थल पर नि:क्षय शिविर | |
| 15-28 फरवरी | 2025 | मीडिया की भागीदारी | |
| 28 फरवरी-07 मार्च | 2025 | प्रभावशाली व्यक्ति, धार्मिक नेताओं की भागीदारी | |
| 08-23 मार्च | 2025 | मॉपअप गतिविधियाँ | |
| 24 मार्च | 2025 | अभियान समाप्ति। | |

7-निःक्षय वाहन:-जनपदों में उपलब्ध मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा माइक्रोप्लान एवं रूट चार्ट के अनुसार लक्षित जनसमूह के निकट समुदाय तक पहुँचकर अभियान से सम्बन्धित गतिविधियाँ सम्पादित की जायेगी।

8-प्रशिक्षण- अभियान की तैयारी, माइक्रोप्लान तैयार करने, अभियान के संचालन तथा रिपोर्टिंग हेतु कार्य करने वाले समस्त कर्मचारियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जायेगा।

9-लॉजिस्टिक्स व्यवस्था:-जाँच उपचार एवं परिवहन हेतु पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध संसाधन का उपयोग करना सुनिश्चित करें।

10-जनभागीदारी: शीघ्र जांच, शीघ्र उपचार, शीघ्र पोषण, शीघ्र बचाव और शीघ्र सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने हेतु प्रभावशाली व्यक्तियों, धार्मिक नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों, उद्योग, गैर सरकारी संगठन, टीबी विजेताओं, निःक्षय मित्रों तथा निजी स्वास्थ्य क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करायें।

11. निःक्षय मित्र पहल द्वारा टीबी रोगी एवं उनके परिवार के लिए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को बढ़ावा देकर सहयोग करने और रोगी को गोद लेते हुए पंचायतों को टीबी मुक्त कराना सुनिश्चित करें।

12.प्रचार-प्रसार:- मीडिया सहभागिता, प्रिंट, प्रसारण मीडिया, डिजिटल और सोशल मीडिया, निःक्षय वाहन (टीबी की प्रचार-प्रसार सामग्री प्रदर्शित मोबाइल मेडिकल यूनिट) द्वारा अभियान के अन्तर्गत सुदृढ़ एवं प्रभावशाली प्रचार-प्रसार गतिविधियों के माध्यम से जनमानस की जागरूकता सुनिश्चित करेंगे। सोशल मीडिया के समस्त विधाओं के प्रभावशाली प्रयोग से प्रत्येक लाभार्थी तक संदेश पहुँचा कर जनमानस में इस अभियान के अन्तर्गत प्रदत्त सुविधाओं के अधिकाधिक उपभोग को सुनिश्चित किया जा सकता है। इस हेतु दैनिक आधार पर संदेशों का परिचलन वाट्सअप मीडिया, एक्स प्लेटफार्म आदि से किया जाना सुनिश्चित करें।

13.फील्ड गतिविधियाँ: स्क्रीनिंग, परीक्षण, उपचार एवं सहायता, टीबी से बचाव का इलाज, गतिविधियों का संचालन-माइक्रोप्लान, मानव संसाधन, लॉजिस्टिक्स, पर्यवेक्षण, निगरानी की सतत् समीक्षा करेंगे (संलग्नक-4)।

14. शुभारम्भ: इस अभियान में जन सहभागिता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षेत्र के माननीय सांसद/विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा पूर्व से समय आरक्षित कराते हुये करायेंगे।

15. अभियान का नियमित अनुश्रवण, समीक्षा बैठक करते हुये यह सुनिश्चित करेंगे कि आपका जनपद अनुश्रवण मैट्रिक्स के प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर जनपद पुरस्कार के लिये योग्य/अर्ह हो। जनपदों द्वारा अभियान हेतु माइक्रोप्लानिंग, प्रपत्रों, जॉच सामाग्री, प्रचार-प्रसार सामाग्री की उपलब्धता, उपकरणों की क्रियाशीलता, दवाओं की उपलब्धता तथा जनपद स्तर पर प्रशिक्षण एवं अनुश्रवण सुनिश्चित किया जायेगा।

16- अतः आपसे अपेक्षा है कि स्थानीय स्तर पर अभियान की गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिये आपको सहयोगात्मक एवं भागीदारीपूर्ण दृष्टिकोण के माध्यम से जिला स्तर पर सभी सम्बन्धित विभागों की योजना, संसाधन जुटाने में, समन्वय स्थापित करते हुये सक्रिय रूप से नेतृत्व सुनिश्चित करें, जिससे 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करते हुये टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रभावी उपलब्धि प्राप्त की जा सके।

भवदीय,

1.12.24

( मनोज कुमार सिंह )
मुख्य सचिव।

संख्या- (1)/पांच-7-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग/आयुष विभाग/पंचायती राज विभाग/ग्राम्य विकास विभाग/महिला एवं बाल विकास विभाग/परिवहन विभाग/समाज कल्याण विभाग/युवा कल्याण विभाग/संस्कृति विभाग/श्रम एवं सेवायोजन विभाग/आवास एवं शहरी नियोजन विभाग/ सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग/गृह विभाग/कारागार विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
3. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।
4. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. महानिदेशक, प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
6. मण्डलायुक्त, अलीगढ़, अयोध्या, बस्ती, बरेली, गोरखपुर, कानपुरनगर, लखनऊ, मुरादाबाद एवं प्रयागराज।
7. निदेशक (राष्ट्रीय कार्यक्रम), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।
8. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, अलीगढ़, अयोध्या, बस्ती, बरेली, गोरखपुर, कानपुरनगर, लखनऊ, मुरादाबाद एवं प्रयागराज।
9. मुख्य चिकित्साधिकारी, अमेठी, अयोध्या, बाराबंकी बस्ती, देवरिया, इटावा, फर्रूखाबाद हाथरस, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर एवं सुल्तानपुर।
10. जिला क्षय रोग अधिकारी, अमेठी, अयोध्या, बाराबंकी बस्ती, देवरिया, इटावा, फर्रूखाबाद हाथरस, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर एवं सुल्तानपुर।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

( पार्थ सारथी सेन शर्मा )
प्रमुख सचिव।

संलग्नक-1

| Sr. No. | Indicator | Target |
|---|---|---|
| | **TB detection** | |
| 1 | Increase testing (with quality) | ≥3000 per lakh population (>5% symptomatics; ≥5% TPR) |
| 2 | Screening of vulnerable population – symptom screening | 100% |
| 3 | Screening of vulnerable population - by X-Ray for vulnerable population even if asymptomatic | 90% |
| 4 | Testing by molecular method (for diagnosis of TB) for those found symptomatic & vulnerable with X-ray abnormal | 100% |
| 5 | Person with TB with microbiological confirmation | 70% |
| 6 | Person with TB tested for drug resistant testing (NAAT) out of eligible | 100% |
| | **Treatment** | |
| 7 | Person with TB assessment for high risk of death (nutrition, vitals, clinical, laboratory | 100% |
| 8 | High risk patients admitted to hospitals | 90% |
| 9 | Ni-kshay Poshan Yojana (DBT) within 1 month of notification for eligible individuals | 100% |
| 10 | Patients linked with Ni-kshay Mitra | 100% |
| | **TB Prevention** | |
| 11 | Household contacts - TB symptom screening and by X-Ray even if asymptomatic | 100% |
| 12 | Eligible household contacts initiated on TB preventive treatment | 100% |
| 13 | Eligible vulnerable population initiated on TB preventive treatment | 100% |

| | | |
|---|---|---|
| [illegible] | Household contacts assessed for nutritional status | 90% |
| 15 | Household contacts with BMI<18.5 provided nutrition support through Nikshay Mitra / additional nutritional supplementation | 90% |

संलग्नक-2

# समय सारणी 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान

| दिनांक | वर्ष | गतिविधि | विवरण |
| --- | --- | --- | --- |
| 07 दिसंबर | 2024 | लॉन्च | • आधिकारिक लॉन्च इवेंट<br>• निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाना<br>• प्रारंभिक जागरूकता |
| 8–22 दिसंबर | 2024 | जोखिम वाली जनसंख्या को प्रेरित करना | • हितधारकों तथा विभागों का संवेदीकरण<br>• आयुष्मान आरोग्य मंदिर और समुदाय में निक्षय शिविर का आयोजन |
| 23–31 दिसंबर | 2024 | प्रभावशाली व्यक्ति, धार्मिक नेताओं की भागीदारी | • क्रिसमस और नए वर्ष के उत्सव के दौरान टीबी संदेश बताना<br>• जागरूकता फैलाने में धार्मिक नेताओं की भागीदारी |
| 1–12 जनवरी | 2025 | निर्वाचित प्रतिनिधियों का सहयोग | • सार्वजनिक समारोह एवं कार्यस्थलों में निक्षय शिविर<br>• 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में टीबी संदेश पहुंचाना |
| 13–15 जनवरी | 2025 | प्रभावशाली व्यक्ति, धार्मिक नेताओं की भागीदारी | • लोहड़ी, मकर संक्रांति और पोंगल उत्सव के दौरान टीबी संदेश |
| 16–24 जनवरी | 2025 | युवाओं की भागीदारी | • स्कूलों और कॉलेजों में टीबी संदेश<br>• 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का उत्सव में टीबी संदेश |
| 25–26 जनवरी | 2025 | गणतंत्र दिवस के दौरान टीबी संदेश | • जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों के दौरान टीबी संदेश |
| 27 जनवरी–02 फरवरी | 2025 | सरकारी विभागों में निक्षय शपथ (संलग्नक 4) | • विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा–<br>• टीबी जागरूकता,<br>• स्वयं की स्क्रीनिंग,<br>• मीडिया भागीदारी<br>• निक्षय शपथ |
| 03–16 फरवरी | 2025 | कार्यस्थल पर निक्षय शिविर | • कार्यस्थलों में स्क्रीनिंग शिविर |
| 15–28 फरवरी | 2025 | मीडिया की भागीदारी | • मीडिया कार्यशाला<br>• पत्रकारों द्वारा अभियान क्षेत्र का भ्रमण<br>• टीबी रोग पर मीडिया कवरेज |
| 28 फरवरी–07 मार्च | 2025 | प्रभावशाली व्यक्ति, धार्मिक नेताओं की भागीदारी | • रमज़ान त्योहार में टीबी संदेश। |
| 08–23 मार्च | 2025 | मॉपअप गतिविधियां | • स्क्रीनिंग, परीक्षण और जागरूकता |
| 24 मार्च | 2025 | अभियान समाप्ति | • विश्व टीबी दिवस<br>• सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों का सम्मान<br>• अभियान की उपलब्धियों का सारांश |



"टीबी मुक्त भारत" के लिए शपथ

मैं अपने जनपद में टीबी का उन्मूलन करने और अपने जनपद के लोगों के बीच टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की अपनी वचनबद्धता को दोहराता/ दोहराती हूँ।

मैं टीबी से प्रभावित लोगों और परिवारों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं मिलें, इसके लिए प्रतिबद्ध हूँ। मैं यह भी सुनिश्चित करूँगा/ करूँगी की वे लोग फिर से स्वस्थ और सम्मानित जीवन जी सकें।

मैं सत्य निष्ठा से प्रण लेता/लेती हूँ कि टीबी के उपचार को और भी सुलभ करने के लिए अपने जनपद के सरकारी संस्थाओं जनप्रतिनिधियों और सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करूँगा/करूँगी।

मैं टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में सहयोग करूँगा/करूँगी, जो मेरे जनपद को टीबी मुक्त बनाएगा।

#टीबी हारेगा देश जीतेगा।

संलग्नक–4

# फील्ड गतिविधियां

## स्क्रीनिंग:

सामुदाय स्तरः घर–घर भ्रमण करें एवं निःक्षय शिविरों में एक्स–रे द्वारा स्क्रीनिंग से करायेंगे।

उच्च जोखिम वाले समूह

- जिसमें घरेलू संपर्क
- बुजुर्ग (>60 वर्ष)
- कुपोषित व्यक्ति (बीएमआई <18.5)
- पूर्व टीबी रोगी
- मधुमेह
- एचआईवी ग्रस्त व्यक्ति
- धूम्रपान करने वाले व्यक्ति
- शराबी

विशेष कार्यस्थलों परः एक्स–रे द्वारा जांच की जाएगी।

- आवासीय स्कूलों में
- कार्यस्थलों में
- झुग्गियों/मलिन बस्ती में

स्वास्थ्य सुविधाएंः टीबी के लक्षणों के लिए जांच की जाएगी।

- आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ओ0पी0डी0 का कम से कम 5% रोगियों की जांच
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों/जिला अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों में ओ0पी0डी0 का कम से कम 10% रोगियों की जांच

## परीक्षणः

- एक्स–रे जांच के लिए एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पुष्टि के लिए नैट के साथ मोबाइल मेडिकल यूनिट तैनात किया जायेगा।
- बलगम नमूनों के परिवहन के लिए टीबी जांच केन्द्रों तक निर्बाध नमूना परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है।

## उपचार और सहायताः

- जांच में पुष्टि किए गए टीबी रोगियों के लिए तुरंत उपचार शुरू किया जाना।
- यदि आवश्यक हो तो अस्पताल में भर्ती होने सहित उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए डिफरेंशिएटेड देखभाल प्रदान करें।
- सभी टीबी रोगियों को निक्षय पोषण योजना का लाभ ससमय सुनिश्चित करना।
- निक्षय मित्रों के माध्यम से सभी टीबी रोगियों को और परिवार के सदस्यों के लिए पोषण किट का वितरण सुनिश्चित करना।

## टीबी से बचाव का उपचार (टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट):

- एक्स–रे द्वारा क्षय रोगियों के घरेलू संपर्कों की जांच करना और पात्र व्यक्तियों के लिए टीबी से बचाव का उपचार शुरू करना।
- नियमित फॉलोअप के माध्यम से टी0पी0टी0 का कोर्स पूरा किया जाना।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम

## 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान

अवधि : 07 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक

15 जनपदों अमेठी, अयोध्या, बस्ती, बाराबंकी, देवरिया, इटावा, फर्रूखाबाद, हाथरस, पीलीभीत, प्रतापगढ, रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर एवं सुल्तानपुर में

- अभियान के उद्देश्य
  1. टीबी के नये रोगियों को खोजना
  2. टीबी रोगियों की मृत्यु दर को कम करना
  3. टीबी से नए रोगी न बनने देना

- विशिष्ट गतिविधियां (Focused Intervention) उच्च जोखिम वाली जनसंख्या में की जा रही है।
  1. 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति,
  2. कुपोषित व्यक्ति,
  3. पुराने टीबी रोगी,
  4. टीबी रोगी के साथ रहने वाले व्यक्ति,
  5. डायबिटीज,
  6. एचआईवी ग्रस्त व्यक्ति,
  7. नशा (धूम्रपान व शराब) करने वाले व्यक्ति आदि

- टीबी के लक्षण
  1. खांसी 2 सप्ताह से अधिक
  2. बुखार
  3. रात में पसीना आना
  4. मुह से खून आना
  5. सीने में दर्द
  6. सांस लेने में तकलीफ
  7. वजन कम होना
  8. भूख न लगना
  9. थकान
  10. गर्दन में गिल्टी/गांठ, बांझपन आदि

- शुभारम्भ माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा दिनांक **07 दिसम्बर 2024** को किया गया। राज्य स्तरीय शुभारम्भ जनपद बाराबंकी में भारत सरकार की माननीय राज्य **स्वास्थ्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी** द्वारा किया गया।
- **शीघ्र जांच, शीघ्र उपचार, शीघ्र पोषण, शीघ्र** बचाव और शीघ्र **जनभागीदारी** की रणनीति के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है।
- सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने हेतु **प्रभावशाली व्यक्तियों, धार्मिक** नेताओं, **निर्वाचित प्रतिनिधियों**, विभिन्न **विभागों**, उद्योग, **गैर सरकारी** संगठन, टीबी **विजेताओं (टीबी से सफलतापूर्वक ठीक हुए रोगी), निःक्षय मित्रों तथा निजी स्वास्थ्य क्षेत्र** की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।
- मुख्य सचिव उ0प्र0 द्वारा संबंधित जिलाधिकारियों को अभियान संबंधी आदेश 02 दिसम्बर 2024 को प्रेषित तथा समस्त जिलाधिकारियों के साथ दिनांक 20 दिसम्बर 2024 को वर्चुअल समीक्षा बैठक की गयी।
- **अंतर्विभागीय समन्वयः** निम्न विभागों से 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान में अपेक्षित गतिविधियां –

| विभाग | अपेक्षित गतिविधिया |
|---|---|
| शिक्षा विभाग (बेसिक, माध्यमिक, उच्च तथा तकनीकी) | 1 **समस्त स्कूलों**/विद्यालयों को सम्मिलित करना।<br>2 स्कूलों/विद्यालयों में **निबन्ध, पोस्टर, आर्ट प्रतियोगिता** आदि का टीबी सम्बंधी जागरूकता हेतु आयोजन।<br>3 कक्षा 10 से ऊपर के विद्यार्थियों को टीबी पर जागरूक करना।<br>4 दिनांक 16 जनवरी से 24 जनवरी 2025 के मध्य **सोशल मीडिया** पर टीबी संदेशों का प्रसार।<br>5 दिनांक 27 जनवरी से 2 फरवरी 2025 के दौरान युवाओं के साथ **निःक्षय** शपथ लेना।<br>6 विभाग के सभी संस्थानों में **कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों को निःक्षय मित्र** के रुप में सम्मलित किया जाना। |
| पंचायती राज विभाग | 1. **ग्राम प्रधान और निर्वाचित प्रतिनिधियों** का सहयोग लिया जाये।<br>2. टीबी के बारे में **समस्त कर्मचारियों** में जागरूकता उत्पन्न करना।<br>3. **निःक्षय** शिविर (स्क्रीनिंग) मे भागीदरी सुनिश्चित करे।<br>4. ग्राम पंचायत विकास योजना (जी0पी0डी0पी0) के माध्यम से बलगम **नमूनों** को भेजने, रोगी को जांच आदि हेतु **परिवहन** करने सम्बंधी बजट का प्रावधान।<br>5. दिनांक 27 जनवरी से 2 फरवरी 2025 के दौरान **निःक्षय** शपथ लेना।<br>6. विभाग के **सोशल मीडिया** पर टीबी संदेशों का प्रसार।<br>7. सभी संस्थानों में कार्यरत **अधिकारी/कर्मचारियों** को **निःक्षय** मित्र बनाना। |